(d) Does not arise, in view of the answer to (c).

सिंचाई प्रयोजनों के लिये बिजली की सप्लाई

648. **श्री शरद यादव :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1986 और 1987 के वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और राजस्थान राज्यों में सिंचाई प्रयोजनों के लिये प्रतिदिन औसतन कितनी बिजली की सप्लाई उपलब्ध कराई गयी थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि बिजली की सप्लाई के सम्बन्ध में कुछ राज्यों के किसानों के बीच असंतोष है और इस सम्बन्ध में किसानों द्वारा प्रदर्शन भी किये गये हैं;

(ग) यदि हां, तो उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां ऐसे प्रदर्शन हुये हैं, और

(घ) सिंचाई प्रयोजन के लिये बिजली की सप्लाई के संबंध में किसानों की शिकायतों को दूर करने के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा अब तक क्या प्रयास किये गये हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और राजस्थान राज्यों में 1986 और 1987 के दौरान कृषि क्षेत्र को प्रतिदिन औसतन 6 घंटे से 15 घंटे भिन्न-भिन्न समयावधि के लिये विद्युत सप्लाई की गयी थी ।

(ख) और (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(घ) राज्य प्राधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे कृषि क्षेत्र को विद्युत सप्लाई करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें, कृषि पम्पसेटों को शीघ्र नए कनेक्शन दें, बकाया राशि का भुगतान न किये जाने जैसे कारणों की वजह से जिन पम्प सेटों के कनेक्शन आदि काट दिये गये थे, उन्हें पुन: विद्युत सप्लाई की जाए , ताप विद्युत केन्द्रों से इष्टतम विद्युत उत्पादन करें, भार प्रबंध एवं ऊर्जा संरक्षण संबंधी उपायों को कार्यान्वित करें । कृषि क्षेत्र के लिये विद्युत सप्लाई की सघन रूप से मानीटरिंग की जा रही है और कुल मिलाकर इस क्षेत्र की समग्र आवश्यकताओं को पूरा किया गया है ।

Electronic Switching Equipments Factory at Bangalore

649. SHRI YALLA SESI BHUSHANA RAO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have abandoned, the original proposal to set up a second factory to produce 5,00,000 lines of digital electronic switching equipments at Bangalore annually;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) whether it is a fact that nearly 9000 workers of ITI Bangalora would be rendered jobless as a result of Government's decision?

THE MINISTER OF ENERGY AND THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI VASANT SATHE): (a) No, Sir.

(b) and (c) Does not arise. However the production is as follows: —

A second factory to produce five lakh lines a year of digital electronic switcing equipment was proposed to be set up at Bangalore during the 7th Plan period. This was proposed in the context of a proposed investment of Rs. 13,000 crores in the telecommunications net-work.

The final plan outlay was however fixed at Rs. 4010 crores only. In this background, it was found the factory may not be needed during the 7th Plan period. Since then, the Department's allocations [1] have been increased modestly in the I Annual Plan and it has now been